## खबर संक्षेप

### प्याज से लदी पिकअप पलटी, युवक की मौत

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसौराखुर्द स्थित पम्प के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। प्याज से लदी एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान श्रीराम पुत्र बारेलाल, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम भैंसाई के रूप में हुई है। बताया गया है कि श्रीराम मजदूरी का काम कर देर रात अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मसोरा खुर्द पंप के पास प्याज से भरी पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई और वह उसकी चपेट में आ गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल पिकअप चालक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### फेसबुक आईडी हैक कर अश्लील पोस्ट व ब्लैकमेलिंग

**ललितपुर।** साइबर अपराध थाना में सोशल मीडिया के दुरुपयोग और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग का एक गंभीर मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस 2023 और आईटी एक्ट की सख्त धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बार क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती ने बताया कि पूर्व में साइबर अपराध के एक मामले में आरोपी युवक के विरुद्ध थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसमें उसे जेल भी जाना पड़ा था। जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद आरोपी ने पीड़िता से बदला लेने की नीयत से उसकी फेसबुक आईडी हैक कर ली और उस पर आपत्तिजनक फोटो व अश्लील शब्दों के साथ पोस्ट करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लगातार उसे धमका रहा है और पैसों की मांग कर रहा है। धमकी दी जा रही है कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो उसकी निजी और अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जाएगी। जब परिजनों ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी ने देर रात अश्लील भाषा में पोस्ट डालकर बदनाम करने की कोशिश की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएनएस की धारा 79, 308(2) तथा आई.टी. एक्ट की धारा 66सी और 67ए के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। विवेचना की जिम्मेदारी निरीक्षक मुनेश भारती को सौंपी गई है। साइबर थाना पुलिस का कहना है कि फेसबुक अकाउंट, पोस्ट, डिजिटल लॉग और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद जिले में सोशल मीडिया की सुरक्षा और साइबर अपराधों को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि या धमकी की सूचना तत्काल साइबर थाने को दें।

### बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम नैनारा पुलिया के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही मोटरसाइकिल ने सामने जा रहे बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने नामजद आरोपी चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि ग्राम नैनारा निवासी शिवलाल पुत्र देवरीलाल 30 जनवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे अपनी मोटरसाइकिल यू.पी.94 ए.सी. 0711 से महरौनी से गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह नैनारा पुलिया के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रही मोटर साइकिल यू.पी. 91 एस 9773 के चालक मोहल्ला नेहरू नगर निवासी दीपक कुमार पुत्र पूरे सिंह ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से शिवलाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिसंपत्तियों का मुआवजा न मिलने से भविष्य अंधकारमय

# भौंरट बांध विस्थापितों ने मुख्यमंत्री से जनता दरबार में की मुआवजे की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

भौंरट बांध परियोजना से विस्थापित किसानों और ग्रामीणों ने परिसंपत्तियों का समुचित मुआवजा न मिलने से निराश होकर मुख्यमंत्री जनता दरबार में गुहार लगाई है। विस्थापितों ने न केवल लंबित मुआवजा शीघ्र दिलाए जाने की मांग की, बल्कि क्षेत्र की 40 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी अपील की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले माह जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा रखने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। मजबूरन भौंरट बांध से प्रभावित कई गांवों के किसान और ग्रामीण एक बार फिर मुख्यमंत्री जनता दरबार पहुंचे और अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। विस्थापितों का कहना है कि उनकी बोरिंग, ट्यूबवेल, हैंडपंप, बगीचे, इमारती व फलदार पेड़ जैसी परिसंपत्तियों का अब तक मुआवजा नहीं दिया गया है। मुआवजा न मिलने के कारण वह कच्चे मकानों में रहने को विवश हैं और पक्के घरों का निर्माण नहीं करा पा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों की उदासीन कार्यप्रणाली से ग्रामीणों में गहरा रोष और निराशा व्याप्त है। ग्रामीणों ने कृषि भूमि के मुआवजे को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि वर्तमान में उन्हें प्रति एकड़ मात्र 8 लाख रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है, जबकि बाजार में कृषि भूमि का मूल्य 15 लाख रुपये प्रति एकड़ तक है। ऐसे में यह मुआवजा उनकी वास्तविक क्षति की भरपाई करने में पूरी तरह नाकाफी है। विस्थापित किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र और उचित मुआवजा नहीं मिला तो उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक बदतर हो जाएगी तथा आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर न्यायोचित एवं शीघ्र मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री जनता दरबार में की गई इस मांग का नेतृत्व पूर्व जिला मंत्री जगदीश सिंह निरंजन ने किया। उनके साथ दर्जनों प्रभावित किसान और ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में अपनी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

थाना जखौरा पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

# अपराधों पर अंकुश लगाने आमजन को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल द्वारा रविवार को विशेष साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में संचालित किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, फिशिंग, स्लेबरी (ऑनलाइन ठगी), आईडेंटिटी थेफ्ट जैसे अपराधों के तरीकों और उनसे होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को अवगत कराया। साथ ही, तेजी से बढ़ रहे डीप फेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग और डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड के तरीकों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने आमजन को सतर्क करते हुए बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और केवल प्ले स्टोर या आईओएस जैसे आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही ऐप डाउनलोड करें। बैंकिंग से जुड़ी कोई भी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।

सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने, बिना पुष्टि किसी पोस्ट को साझा न करने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने तथा अपने अकाउंट के सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखने की सलाह दी गई। इसके अलावा कॉल के माध्यम से मिलने वाले किसी भी लालच, ऑफर या धमकी पर भरोसा न करने और सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व डिजिटल अकाउंट्स के लिए मजबूत पासवर्ड तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन अनिवार्य रूप से सक्रिय रखने पर जोर दिया गया। यदि कोई साइबर फ्रॉड होता है तो पीड़ित तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए या बेवसाइड पर ऑनलाइन शिकायत करें। नजदीकी थाना या डायल-112 पर भी सूचना दी जा सकती है, ताकि साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में समय रहते कार्रवाई कर वित्तीय नुकसान को रोका जा सके।

प्रोजेक्ट नई किरण से टूटा परिवार फिर जुड़ा

# पुलिस लाइन सभागार में परिवार का पुनर्मिलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

पारिवारिक विवादों को सुलह-समझौते के माध्यम से सुलझाने की दिशा में प्रोजेक्ट नई किरण एक बार फिर सफल साबित हुआ। रविवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में आयोजित प्रोजेक्ट नई किरण के तहत समझाइश के बाद एक परिवार का पुनर्मिलन कराया गया। आपसी सुलह के आधार पर दोनों पक्ष खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए और मिठाई खिलाकर रिश्तों में फिर से आई मिठास का संदेश दिया। सदस्यों ने पारिवारिक मामलों में संवाद, सहनशीलता और आपसी समझ के महत्व को रेखांकित करते हुए पक्षकारों को समझाया। इसके परिणामस्वरूप एक परिवार का दांपत्य जीवन पुनः पटरी पर लौट आया। वहीं, अन्य पांच पारिवारिक मामलों में अग्रिम सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रोजेक्ट नई किरण का उद्देश्य जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोड़कर उनके दांपत्य जीवन में नई रोशनी लाना है। यह पहल टूटते रिश्तों को सहेजने और समाज में पारिवारिक समरसता बनाए रखने का सार्थक प्रयास है। इस दौरान सदस्य अजय बरया, डा.दीपक चौबे, डा. एस.पी. पाठक, सुभाष जैन, डा.जनक किशोरी शर्मा, सुधा कुशवाहा एवं डा.अरमान कुरैशी की अहम भूमिका रही।

# विदिशा में वैश्य महासम्मेलन का रक्तदान शिविर



**विदिशा।** वैश्य महासम्मेलन जिला युवा इकाई द्वारा 8 फरवरी को चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। समाजजनों की सहभागिता से 8 यूनिट रक्तदान कर ब्लड बैंक को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव केएन गुप्ता, जिला अध्यक्ष अवनेश जैन, महामंत्री महेंद्र बड़कुल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में युवा इकाई अध्यक्ष विपिन जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# 926 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 793 परीक्षा में हुए शामिल, सात केंद्रों पर रही कड़ी निगरानी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रविवार को कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा हुई। यह परीक्षा उत्कृष्ट विद्यालयों, मॉडल स्कूलों और भोपाल स्थित श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु थी। जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर यह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कुल 926 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 793 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 133 अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह जाटव ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विशेष सुरक्षा और व्यवस्थाएं की गई थीं। सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों की उपस्थिति समय से पहले शुरू हो गई थी और परीक्षा सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।




### कई केंद्रों पर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

मुख्यालय पर एमएलबी गर्ल्स स्कूल और उत्कृष्ट विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया। इसके अतिरिक्त बासौदा, लटेरी, सिरोंज, नटेरन और ग्यारसपुर में भी परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। इन सभी केंद्रों पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं परीक्षा देने पहुंचे। शिक्षा विभाग ने परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं। परीक्षार्थियों के प्रवेश से लेकर परीक्षा समाप्ति तक कड़ी निगरानी रखी गई। अधिकारियों द्वारा लगातार केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जिससे पूरी परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकी।

दरगाह परिसर में बैठक आयोजित की

# धूमधाम से होगा बाबा सदन का 108वां उर्स, तैयारी शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

कौमी एकता के प्रतीक अजीमुश्शान हजरत बाबा सदनशाह रहमत उल्ला अलैह का इस वर्ष 108वां उर्स सम्पन्न कराया जाएगा, जिसको बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए इतवार को दरगाह परिसर में बैठक आयोजित की गयी। बीते बर्ष की भांति इस बर्ष भी राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ के मुख्य संरक्षण में उर्स सम्पन्न कराया जाएगा।

कौमी एकता की मिशाल हजरत बाबा सदनशाह रहमत उल्ला अलैह की दरगाह पर होने वाले सालाना उर्स की तैयारियों को लेकर दरगाह परिसर में उर्स कमिटि की एक बैठक संरक्षक चंद्रभूषण सिंह गुडडू राजा के आतिथ्य व प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू के संयोजन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उर्स कमिटि नायब सदर अब्दुल रहमान कल्ला ने की। संचालन जनरल सेकेट्री मोहम्मद नसीम ने किया। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए रणनीति तैयार की गयी। बैठक में विचार-विमर्श कर जिम्मेदारी सौंपी गयीं। उर्स मेले में अन्तराष्ट्रीय प्रख्यात कब्बालों के अतिरिक्त शायरों का जहां जमावड़ा रहेगा, वहीं देश के कौने-कौने से लोग आकर उर्स में बाबा की दरगाह की जियारत करेंगे। इसके अलावा बैठक में हर वर्ष की भाँति 4 अप्रैल को आयोजित होने वाली इज्तिमाई शादियों की कार्ययोजना तैयार की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 108वां उर्स बड़े ही भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। इस वर्ष मुशायरे एवं कब्बालियों में जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी। 31 मार्च को होने वाले सदन कौमी एकता ऑल इंडिया मुशायरे में अंतराष्ट्रीय शायर मंजर भोपाली, शकील आजमी मुंबई, नदीम शाद देवबंद, इब्राहीम अली जीशान, ओम शर्मा ओम, मशकूर ममनून कन्नौजी, शाहनबाज असीम उज्जैन, मोहन मुन्तजिर नैनीताल, तर्वेज आलम राणा, हाशिम फिरोजाबादी, अबरार कासिम, स्वयं श्रीवास्तव, मदन मोहन दानिश, डा.जलील अहमद,अल्तमस अब्बास, कमर आलम जौनपुरी, इस्माइल नजर देवास, असरार चंदेरवी कन्वीनर, असर ललितपुरी, जहीर ललितपुरी पर रायशुमारी की गई। वहीं 1 से 3 अप्रेल तक कब्बाली का सिलसिला शुरू होगा जिसमें टीबी सिंगर इंटरनेशनल जुनेद सुल्तानी, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम मुराद आतिश बंगलौर, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम मुनाफा नाजा मुंबई, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम रईस अनीस साबरी मुंबई, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम अनीस नवाब, टीबी सिंगर इंटर नेशनल फेम शाकिब अली, समीर साबरी मुंबई, अदनान नाजा के नामों पर सहमति बनी है। बैठक का संचालन जनरल सेक्रेट्री मोहम्मद नसीम ने किया।

ग्राम पुस्तकालय से युवा कर रहे अपने जीवन का सृजन

# कस्बा के युवाओं ने पुस्तकालय में तैयारी कर उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶बानपुर

ग्राम पंचायत पुस्तकालय बानपुर में ग्राम पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं ने अपनी मेधा का लोहा मनवाकर साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है । गौरतलब है कि हाल ही मे राष्ट्रीय प्राध्यापक पात्रता परीक्षा के नतीजे घोषित किये गये हैं। जिसमें कस्बे के शिवांश श्रीवास्तव पुत्र मधुसूदन श्रीवास्तव व शिवा यादव पुत्र मान सिंह यादव ने ग्राम पुस्तकालय में ही तैयारी कर कड़ी महनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। पिछले वर्षों मे जबसे कस्बे मे पुस्तकालय का निर्माण हुआ है तभी से विद्यार्थियों को अध्ययन करने के लिए एक सर्व सुविधायुक्त पढ़ाई के लिए उपयुक्त वातावरण मिल गया है और ग्राम पंचायत बानपुर की देखरेख मे विद्यार्थियों की जरुरतों का ध्यान रखा जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम पुस्तकालय मे उक्त मेधावियों का सम्मान कस्बा के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों द्वारा कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

**इनका कहना है...**

यहां के छात्र-छात्राओं को तैयारी करने हेतु अन्यत्र जाना पड़ता था। लेकिन पुस्तकालय बनने की वजह से मैंने अपनी सारी तैयारी यहीं से की। मेरी सफलता में इस पुस्तकालय का बड़ा योगदान हैं। मुझे सभी अध्ययन की सामग्री पुस्तकालय से ही मिली है।
शिवा यादव

श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा व गजरथ महामहोत्सव 4 मार्च से

# मुनिश्री सुधा सागर महाराज ससंघ का रहेगा मंगल सानिध्य, तैयारी शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन सतोदय तीर्थ क्षेत्र, सेरोंन जी में आगामी 4 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित होने वाले श्रीपंचकल्याणक प्रतिष्ठा समारोह एवं गजरथ महामहोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह भव्य धार्मिक आयोजन समाधि सम्राट आचार्य श्रीविद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य आचार्य श्री समय सागर के मंगल आशीर्वाद से तथा उनके शिष्य निर्यातक संत मुनिश्री सुधा सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैय्या (सुयश), अशोक नगर के कुशल निर्देशन में आयोजित इस महामहोत्सव को लेकर आयोजन समिति द्वारा शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के श्रेष्ठीजनों से संपर्क प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री, क्षेत्रीय सांसद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व राज्यमंत्री, सदर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पालिका ईओ, विद्युत विभाग, जल संस्थान एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित समस्त समाजसेवी संगठनों और श्रद्धालुजनों को आमंत्रित किया गया है।

गौरैया संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया, गौरैया की पाती ने किया भावुक

# साहित्य मंच से उठी नन्ही गौरैया को बचाने की गूंज

**ललितपुर।** आधुनिकता की दौड़ में घरों से दूर हो रही नन्ही गौरैया की चहचहाहट को वापस लाने के लिए बुंदेलखंड लिटरेचर फेस्टिवल 5.0 के मंच का उपयोग एक अनूठी पहल के लिए किया गया। फेस्टिवल के दौरान इंडियन बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसायटी और मानव ऑर्गेनाइजेशन के पर्यावरण प्रेमियों ने गौरैया संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाकर साहित्यकारों और आगंतुकों का ध्यान खींचा। पर्यावरणविदों और अभियान की टीम ने इस सफल मंच के लिए बुंदेलखंड लिटरेचर फेस्टिवल के मुख्य आयोजक चंद्रप्रताप सिंह और अनमोल दुबे का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। टीम ने कहा कि चंद्रप्रताप सिंह और अनमोल दुबे ने अपने साथियों के साथ मिलकर न केवल साहित्य का भव्य आयोजन किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण जैसे गंभीर विषय को एक सशक्त मंच प्रदान कर समाज को नई दिशा देने का सराहनीय कार्य किया है।



### गौरैया की पाती ने लोगों को किया जागरुक

ललितपुर के प्रमुख पर्यावरणविद् एडवोकेट पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने गौरैया की पाती (चिट्ठी) के माध्यम से एक भावुक अपील पेश की। पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा, साहित्य और संस्कृति तभी सुरक्षित रहेंगे जब हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। गौरैया को वापस आंगन में लौटाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### आकर्षण का केंद्र रहे कृत्रिम घरौंदे

डा. सोनिका कुशवाहा के नेतृत्व में लगाए गए स्टॉल पर पक्षियों के मुखौटे और कृत्रिम घोंसले बच्चों और बड़ों के बीच आकर्षण का केन्द्र रहे। पर्यावरण योद्धा धर्मेंद्र सिंह ने स्वयं निर्मित लकड़ी के घोंसलों का प्रदर्शन किया और लोगों को इन्हें अपने घरों में लगाने के लिए प्रेरित करते हुए निःशुल्क वितरित भी किया। इस मुहिम में अधिवक्ता नीरज शिवहरे और लेखक अभिनव जैन,दिनेश कुशवाहा ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। टीम ने संदेश दिया कि कंक्रीट के जंगलों में तब्दील होते शहरों में छोटे-छोटे कृत्रिम घोंसले गौरैया के अस्तित्व को बचाने में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं।

### ग्वालियर से बीरपुर तक काम पूरा, जून में श्योपुर स्टेशन तक पहुंचेगी रेलगाड़ी

# नज़दीक आई उम्मीद की ट्रेन रघुनाथपुर तक पहुंची मालगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोमवार को रघुनाथपुर में तब उत्साह का माहौल बन गया जब लोगों को करीब 6 साल बाद इस गांव में रेल के इंजन की आवाज सुनाई दी। इस ट्रेन रूट पर चल रहे निर्माण कार्य की सामग्री लेकर पहुंची मालगाड़ी को देखने ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गई। इसी के साथ ग्वालियर से श्योपुर तक ब्रॉडगेज ट्रेन के चलने की उम्मीद और नजदीक आ गई है। ज्ञात हो कि मार्च 2020 को इस ट्रैक (श्योपुर से ग्वालियर तक) पर चलने वाली नैरोगेज का संचालन कोरोना वायरस फैलने के कारण बंद कर दिया गया था और बाद में इस ट्रैक पर अमान गेज परिवर्तन कार्य स्वीकृत होकर पटरियां उखाडने का काम शुरू हो गया था तब से लेकर आज तक ट्रैक पर रेलगाड़ी नहीं चली अलबत्ता कैलारस से ग्वालियर तक मेमू ट्रेन चलाई जा रही है रेलवे विभाग ने जून माह में ग्वालियर से श्योपुर तक इस प्रोजेक्ट को शुरू करने की डेट लाइन दी है। अगर सब कुछ सही रहा तो आगामी 4 महीनो में ही श्योपुर वासियों को ग्वालियर तक का सफर फिर रेल में बैठकर करने का मौका मिल जाएगा।



#### ग्वालियर से बीरपुर तक काम पूरा, अब श्योपुर की बारी

श्योपुर जिले की सीमा में सबलगढ़ से बीरपुर तक के 27 किलोमीटर लंबाई के सेक्शन का काम पूरा हो चुका है विगत दिनों ट्रैक का ट्रायल भी रेल दौड़ाकर कर लिया गया है। इस सेक्शन में 8 मेजर ब्रिज, 29 माइनर ब्रिज और 4 अंडरपास बनाए गए हैं। जबकि एक स्टेशन की बिल्डिंग बनाई गई है।

श्योपुर खंड में बड़ी रेल लाइन के लिए पटरी बिछाने के साथ नदियों नहरों पर पुल पुलिया बनाने एवं अंडरपास निर्माण करने का काम इन दिनों तेज गति से चल रहा है। हालांकि पटरिया 90 फीसद बिछाने का काम हो गया है लेकिन रेलवे स्टेशन बनाने अंडरपास तैयार करने को अंतिम रूप दिया जा रहा है। छोटे बड़े पुल और पुलिया तो पूरे कर लिए गए हैं पर अंडर पास कई जगह अभी अधूरे पड़े हैं उन्हें भी पूरा करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी युद्ध स्तर पर काम कर रही है। इस काम में गति तब देखने को मिली, जब सोमवार को रघुनाथपुर गांव तक मालगाड़ी निर्माण से संबंधित सामान लेकर पहुंची। मालगाड़ी के इंजन की आवाज को सुन ग्रामीणों को ऐसा लगा जैसे उनका कोई पिछड़ा रिश्तेदार 6 साल बाद दोबारा से गांव आया हो। क्या बच्चे क्या बूढ़े, महिला पुरुष सब 6 साल बाद गांव में आई रेल (मालगाड़ी) को देखने पहुंच गए। ग्रामीणों में रेल को देखने के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था। लोग ड्राइवर और उस स्टाफ से रेल के बारे में जानकारी लेते देखे गए जिन्हें शायद इस प्रोजेक्ट से जुड़ी कोई जानकारी थी ही नहीं थी, लेकिन उनका उत्साह देखते ही बन रहा था।

#### दार्शनिक नहीं बनेगा वर्धा रेलवे स्टेशन

श्योपुर का रेलवे स्टेशन जो वर्धा गांव में बनाया जा रहा है जिसे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दार्शनिक रेलवे स्टेशन की उपाधि दे रहे थे। अब वह दार्शनिक नहीं रहेगा महज सवारियों को एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक पहुंचाने वाला ऐसा स्टेशन बनाया जाएगा जो रेलवे ट्रैक पर अन्य स्टेशनों पर बनाए जा रहे हैं। दरअसल श्योपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और आधुनिकीकरण के बजट में भारी कटौती की गई है। दो साल पहले स्वीकृत लगभग 150 करोड़ रुपए की लागत के मुकाबले अब मात्र 36.72 करोड़ रुपए के टेंडर जारी किए गए हैं, जिससे स्टेशन पर प्रस्तावित कई महत्वपूर्ण सुविधाएं कम होने की संभावना है। यह कटौती विकास कार्यों के पुनर्मूल्यांकन का हिस्सा है।

#### वीरपुर से सिरोनी रोड 90 फीसदी काम पूरा

वीरपुर से सिरौनी रोड (विजयपुर पहुंच मार्ग) तक के 36 किमी के सेक्शन में अर्थ वर्क, ब्लैकटिंग का काम हो चुका है। ट्रैक लिंकिंग का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। इसके साथ ही इस सेक्शन में बनने वाले 8 मेजर ओर 61 माइनर ब्रिज तथा अंडरपास काम लगभग पूरा कर लिया गया है। वहीं एक आरओबी भी तैयार हो चुका है। इस सेक्शन में एक स्टेशन की बिल्डिंग बनाई जा रही है. जिसका काम भी अंतिम चरण में है। रेलवे इस सेक्शन को मार्च तक पूरा करने का टारगेट ले चुका है।

#### सेक्शनः सिरोनी रोड से श्योपुर, काफी काम बाकी

जिले की सीमा में अंतिम सेक्शन सिरोनी रोड से श्योपुर तक है. जिसकी लंबाई 33 किलोमीटर की है। इसमें अर्थवर्क और ब्लैकेटिंग का काम हो चुका है। जबकि 12 मेजर ब्रिज बन चुके हैं, 41 माइनर ब्रिज और अंडरपास पूरे हो गए हैं, जबकि ट्रैक लिंकिंग का काम आधे से अधिक हो चुका है। वहीं एक स्टेशन की बिल्डिंग का काम 85 फीसदी हुआ है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिकल सहित अभी कई काम बाकी पड़े हैं। यही वजह है कि रेलवे ने इस सेक्शन का काम पूरा करने का लक्ष्य जून माह तक तय किया है।

### विजयपुर की बजरंगकॉलोनी में दो घरों में लाखों की चोरी

## आईजी और डीआईजी के दौरे के पहले चोरों ने विजयपुर में कर दिया खेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चंबल रेंज के आईजी और डीआईजी के श्योपुर दौरे पर आने से पहले चोरों ने विजयपुर की बजरंगकॉलोनी में खेला कर दिया। यहां चोरों ने दो घरो में चोरी की बडी वारदात को अंजाम देकर पुलिस को एक बार फिर खुला चैलेंज दिया है। चोरों ने जिन दो घरो में चोरी की वारदात को अंजाम दिया,वे दोनो घर सूने थे। पुलिस ने दोनों घर से चोरी गए माल की कुल कीमत साढे सात लाख के करीब आंकी है। जबकि घर के लोग चोरी गए माल की कुल कीमत 10 लाख से अधिक बता रहे है। हालांकि विजयपुर थाना पुलिस ने चोरी के दोनों मामलो की अलग अलग एफआईआर दर्ज करते हुए चोरों की पडताल शुरू कर दी है,लेकिन चोरी की इन वारदातो से पुलिस सकते में आ गई है। फिलहाल चोरो के संबंध में पुलिस के हाथ भी कोई सुराग नहीं लगे है।

दरअसल सोमवार को चंबल रेंज के आईजी सचिन अतुलकर और डीआईजी सुनील कुमार जैन का श्योपुर दौरा निर्धारित था। इसको लेकर जिले के पुलिस अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए थे। लेकिन उनके आने से पहले रविवार सोमवार की दरमियानी रात को चोरों ने विजयपुर की बजरंगकॉलोनी में दो घरों के ताले उस समय तोड दिए,जब इन घरो में रहने वाले लोग घरों से बाहर थे। बजरंगकॉलोनी निवासी बिंदुसार सिंह जादौन परिवार समेत एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बामसोली गए थे, लिहाजा उनके सूने मकान में चोर रात्रि के दौरान ताला तोडकर घुस गए और सोने चांदी के जेवर तथा 44 हजार रूपए नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस इस चोरी को कुल 5 लाख रूपए की आंक रही है। वहीं दूसरी चोरी इसी कॉलोनी में रहने वाली भावना जादौन के घर में हुई। भावना जादौन अपने मायके गई थी,जबकि उनके बच्चे रिश्तेदार के यहां सोने के लिए चले गए थे। यहां से चोर ताला तोडकर 35 हजार रूपए नकदी और सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए है। पुलिस ने यहां करीब 2 लाख 45 हजार रूपए का माल चोरी होना बताया है।

इस संबंध में विजयपुर एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरों का पता लगाया जा रहा है। उम्मीद है कि चोरों को जल्द ही दबोच लिया जाएगा।



#### अंबेडकर बस्ती में होकर चोरों के भागने का अनुमान

चोरी की सूचना मिलने के बाद विजयपुर एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर और विजयपुर टीआई राजन सिंह गुर्जर पुलिस टीम के साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। वहीं पुलिस की पिंगर प्रिंट टीम और डॉग स्क्वाड टीम भी जांच के लिए मौके पर पहुंची। पुलिस का डॉग दोनों घरों का मौका मुआयना करने के बाद इस कॉलोनी के बगल में मौजूद अंबेडकर कॉलोनी में होते हुए कॉलोनी के बाहर तक चला गया। जिससे पुलिस के अधिकारी अनुमान लगा रहे है कि चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोर इसी रास्ते से होकर भागे है।

## शराब पीकर पति ने पीटा तो पत्नी ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शराब पीने के बाद पति ने उस समय अपनी पत्नी की थापघूसो से मारपीट कर दी,जब उसे मायके जाने के लिए उसका पिता आया था। पति की इस हरकत से गुस्सा हुई पति ने थाने जाकर पति के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज करा दी। यह मामला रघुनाथपुर थाना क्षेत्र का है। रघुनाथपुर थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि ग्राम हीरापुरा निवासी विवाहिता पूजा जाटव को मायके ले जाने के लिए उसका पिता आया था। तभी शराब पीने के शौकीन पति देवेन्द्र जाटव ने उपद्रव मचाते हुए पत्नी की गाली गलौच करते हुए थापघूसो से मारपीट कर दी। इससे नाराज पूजा अपने मायके पक्ष के लोगो के साथ शिकायत दर्ज कराने के लिए सीधे थाने आ गई। इस मामले में पूजा की रिपोर्ट पर उसके पति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

#### गुन्नीपुरा में करंट से ग्रामीण की मौत

श्योपुर। विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव गुन्नीपुरा में सोमवार की दोपहर को उस समय करंट लगने से लक्ष्मण उर्फ पप्पू आदिवासी 50 वर्ष पुत्र चौखरिया आदिवासी की मौत हो गई,जब वह खेत में पानी दे रहा था। करंट उसे खेत में होकर जा रही बोर की केवल से लगा है।

### अभाविप ने कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर दिया अल्टीमेटम

## जल्द चालू नहीं हुआ कन्या छात्रावास तो करेंगे आंदोलन



श्योपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की श्योपुर कॉलेज इकाई ने सोमवार को कॉलेज प्राचार्य को एक ज्ञापन कॉलेज परिसर में लाखो रूपए की लागत से निर्मित हुए कन्या छात्रावास को चालू कराए जाने की मांग की है। साथही इस छात्रावास के जल्द चालू न किए जाने की स्थिति आंदोलन करने का अल्टीमेटम भी दे दिया है। कॉलेज प्राचार्य को अभाविप द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कॉलेज परिसर में कन्या छात्रावास बनकर तैयार है लेकिन अभी तक चालू नहीं हुआ है। जिसके चलते यह छात्रावास भवन खंडहर बनने की ओर अग्रसर है। मांग की है कि उक्त छात्रावास को जल्द चालू किया जाए। ज्ञापन में कॉलेज से जुडे मुद्दे भी उठाए गए प्राध्यापक विपिन बिहारी शर्मा ने ज्ञापन लेते हुए अभाविप कार्यकर्ताओं को छात्रावास को चालू कराए जाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर अभाविप जिला संयोजक गणेश शर्मा, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य मीनाक्षी जाटव, कॉलेज इकाई अध्यक्ष अभिषेक मीणा, नगर मंत्री विष्णु वाल्मीकि, ध्रुव गर्ग, रेशमा जाटव, विकाश गुर्जर, हंसराज गुर्जर ,कल्पना गौड़, आजाद गुर्जर, ललित जाट, सागर प्रीत सिंह ,मनीष मीणा,मयंक मीणा, उदित शर्मा, निखिल शर्मा, शुभम वैश्व, लवकुश गुर्जर, मनीष गुर्जर, कुलदीप मीणा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओपी गुप्ता जिला अभिभाषक के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए



**जिला स्तरीय कार्यकारिणी का निर्वाचन भी आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वरिष्ठ अभिभाषक ओपी गुप्ता श्योपुर के जिला अभिभाषक संघ के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उनका निर्वाचन सोमवार को आयोजित हुई निवार्चन प्रक्रिया में हुआ उन्होंने अपने निकटतम प्रत्याशी एड राकेश कुमार शर्मा को 71 मतों से हराकर जीत हासिल की।चुनाव अधिकारी एड ओपी खन्ना एवं उनकी टीम के द्वारा आयोजित कराई गई निर्वाचन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के लिए हुए महत्वपूर्ण चुनाव में 3 प्रत्याशी मैदान में थे जिनमें से सबसे अधिक मत (162) एड ओपी गुप्ता को प्राप्त हुए दूसरे नंबर पर 91 मत लेकर एड राकेश कुमार शर्मा रहे। एड तुलसीराम सुमन को 23 वोट मिल सके। जबकि दो मत निरस्त हुए है। उधर उपाध्यक्ष पर एड राकेश सिंह जाट 17 से मतो से निर्वाचित हुए है। उन्हें 146 मत मिले थे,जबकि उनके प्रतिदंद्वी एड धर्म सिंह मीणा को 129 मत प्राप्त हुए है। इसके अलावा एड शरद कुमार जैन सचिव, रघुराज यादव सहसचिव, एवं दीपक कुमार गोयल कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किए गए।

## श्योपुर पहुंचे आईजी और डीआईजी बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चंबल रेंज के आईजी सचिन अतुलकर ने सोमवार को श्योपुर जिला मुख्यालय पर पहुंचकर यहां के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण और पेडिंग अपराधों के निराकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पहले चंबल रेंज के डीआईजी सुनील कुमार जैन एसपी कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की बैठक और एसपी कार्यालय का निरीक्षण करके अपने मुख्यालय चले गए। मीटिंग के दौरान एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल, एएसपी प्रवीण भूरिया, डीएसपी हेडक्वार्टर पीएन गोयल,एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

## कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन में धारण करें: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ग्राम आसीदा में सोमवार को कलश यात्रा के साथ संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। गाजेबाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में बडी संख्या में महिला और बालिकाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा के बाद कथा व्यास पं नटवरलाल शास्त्री ने विधिवत देव पूजन उपरांत श्रीमद भागवत कथा का मंगलाचरण आरंभ किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कथा यजमान अनोखी बाई, मलखान-फूला बाई, सुरेशचंद गीता बाई, पहलवान लीला बाई ने बताया कि यह श्रीमद भागवत कथा 15 फरवरी तक चलेगी। 16 फरवरी को विधिवत पूर्णाहुति और भंडारे के साथ इसका समापन किया जाएगा। उन्होने सभी धर्मप्रेमी लोगो से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पधारकर कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।



### बोर्ड परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूर्ण, 17 सेंटरों पर लगेंगे जैमर

# छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं आज से, पहले दिन 32 केंद्रों पर होगी परीक्षा, सूने रहेगे तीन सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं का मेला 10 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। बोर्ड परीक्षा के लिए 35 परीक्षा केन्द्र निर्धारित कर दिए गए है। बोर्ड परीक्षाओं में कुल 11 हजार 379 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर बोर्ड परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं नकल न चले तथा बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हो, इसके लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में सभी सुरक्षा इंतजाम भी जुटा लिए गए है। बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 10 फरवरी को 32 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा होगी। जहां, कक्षा 12 वीं के 4 हजार 678 छात्र छात्राएं परीक्षार्थी बनकर अंग्रेजी विषय की परीक्षा देगे। इनमें 4325 परीक्षार्थी नियमित तथा 353 प्रायवेट परीक्षार्थी शामिल रहेगे। जबकि 35 में से 3 परीक्षा केन्द्र अगरा, आवदा तथा सरस्वती ज्ञान मंदिर बडौदा सूने रहेगे। क्योंकि इन्हें सिर्फ कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए ही परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।



खास बात यह है कि इस बार बोर्ड परीक्षा के दौरान जिले के 17 परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल नेटवर्क को निष्क्रिय करने के लिए जैमर भी लगाये जाएंगे। यह जैमर हाईस्कूल परीक्षा के 6 मुख्य विषयों तथा हायर सैकेण्डरी परीक्षा के 12 मुख्य विषयों के पेपर के दौरान सक्रिय रहेगे।

#### 13 से कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा होगी शुरू, 6701 परीक्षा बैठेगे

कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा तो मंगलवार से शुरू होगी। लेकिन कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा 13 फरवरी से आरंभ होगी। इसके लिए 35 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जहां कक्षा 10वी के 6 हजार 701 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले के सभी परीक्षा सेंटरों पर पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर की उपलब्धता के साथ ही पेयजल, शौचालय, उचित प्रकाश व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है। चर्चा कर व्यवस्थाओं का आंकलन किया गया।

#### इन परीक्षा केंद्रों पर लगेंगे जैमर

इस बार बोर्ड परीक्षा के दौरान 17 परीक्षा केन्द्रों पर जैमर लगाए गए है, जिन परीक्षा केंद्रों पर ये जैमर लगाये जायेगे, उनमें शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर, शासकीय हायर सेकंडरी (सांदीपनि) मॉडल स्कूल विजयपुर, शासकीय हाई स्कूल जैनी, शासकीय हाईस्कूल ननावद, शासकीय अम्बिका हायर सैकेण्डरी स्कूल इकलौद, राजीव गांधी हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल श्योपुर, जगदम्बा हायर सैकेण्डरी स्कूल ढोढर, सरस्वती ज्ञान मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल बडौदा, अल्फा इंग्लिश हाई स्कूल श्योपुर, शासकीय मिडिल स्कूल प्रेमसर, शासकीय मिडिल स्कूल सोईकलां, शासकीय मिडिल स्कूल पहेला, शासकीय मिडिल स्कूल श्यामपुर, शासकीय मिडिल स्कूल इकलौद, श्री लीलाधर आदर्श विद्या मंदिर वीरपुर, सिद्धी विनायक डीएलएड कॉलेज गसवानी शामिल है।

शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा ध्वनि प्रदुषण सहित धरना प्रदर्शन, रैली, जुलूस एवं परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर परिधि में 5 से अधिक व्यक्तियों के एकत्रितीकरण आदि के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किये गये है। इसके साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तर के निगरानी दल भी बनाये गये है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर जिला स्तर से अधिकारियों को प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सभी परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारी तैनात किये गये है। इसके साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तर के पैनल भी बनाये गये है।

#### इनका कहना है

10 फरवरी से कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा तो कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षाए 13 फरवरी से आरंभ होगी। बोर्ड परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से हो,इसके लिए सभी जरूरी सुरक्षा इंतजाम भी जुटा लिए गए है।

एमएल गर्ग
डीईओ,श्योपुर

### चंद्रसागर मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद कलश स्थापना कार्यक्रम आयोजित

## शिव की कृपा गौड राजवंश पर हमेशा से बनी रही, आगे भी रहेगी: पृथ्वीराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शिव की महिमा अपरंपार है, वे कल्याणकारी, सृष्टिकर्ता और संहारक हैं, जो सभी में व्याप्त हैं। शिव का आशीर्वाद हमेशा गौड राजवंश पर बना रहा है आगे भी बना रहे ऐसी प्रार्थना श्री चरणों में हमेशा रहेगी। यह बात गौड राजवंश बड़ौदा के मुखिया राजा पृथ्वीराज सिंह गौड़ ने सोमवार को बड़ौदा के चंद्र सागर तालाब एवं मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद कलश स्थापना कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कही।

बड़ौदा दरबार के आधिपत्य में आने वाले चंद्र सागर शिव मंदिर जो गौड़ राजाओं द्वारा स्थापित एवं निर्माण कराया गया था। कुछ समय से जर्जर हालत में पहुंच गया था राजा पृथ्वीराज सिंह गौड़ ने मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर उसे गोल्डन कलर में आकर्षक लुक दिया है जिसे देखते ही लोगों का मन प्रसन्न हो जाता है यह धार्मिक स्थल अब पर्यटक स्थल बन चुका है। सोमवार को राजा पृथ्वी सिंह गौड़ एवं उनके उत्तराधिकारी महीपत सिंह गौड़ (राजकुमार) सहित परिजनों ने विधि विधान पूजन के साथ कलश स्थापना की इस दौरान उन्होंने कहा कि शिव की कृपा हमारे परिवार पर हमेशा रही है उनकी कृपा से ही गौड राजवंश ने श्योपुर किले पर ओर बाद में बड़ौदा किले पर शासन किया। और उनकी कृपा से ही आज तक राजवंश आपके साथ सम्मानजनक रूप से जीवन व्यतीत कर रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में राजवंश से जुड़े लोग व शिव भक्त मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन शुरू, 10 केंद्र बनाए

**बीना।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंजीयन कराने के लिए बीना में 10 केंद्र बनाए हैं। इन केंद्रों पर किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय ने बताया बीना में सेवा सहकारी समिति मर्या. सतौरिया, सेवा सहकारी समिति मर्या. भानगढ, सेवा सहकारी समिति मर्या. मंडीबामौरा, सेवा सहकारी समिति मर्या. कंजिया, सेवा सहकारी समिति पुरैना, प्राथमिक शाखा सहकारी समिति पिपरासर, प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति रामपुर, प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति धनोरा, प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति किर्रावदा, प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी संस्था बिलाखाना समिति केंद्र पर पंजीयन करा सकते हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और तहसील में संचालित सुविधा केंद्र पर भी निशुल्क पंजीयन की सुविधा मिलेगी, किसान अपनी सुविधा से पंजीयन करा सकते हैं। वरिष्ठ कृषि अधिकारी राय ने किसानों से समय से पहले पंजीयन करने की अपील की है।

### जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई की

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत पुलिस ने गल्ला मंडी परिसर बहादुरपुर में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए हजारीलाल पाल, सटरूलाल पाल, कल्लू यादव को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 3175 रूपए जप्त किए हैं। पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर फोटो वायरल किया

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर दुरूपयोग कर फोटो वायरल किए जाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्यवाही लड़की के पिता की शिकायत पर से की है। पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ़ थाने की पुलिस ने ग्राम डेंगा निवासी इमरतसिंह आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार देहात पुलिस ने ग्रिाम खरिया महू निवासी कैलाश वंशकार के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पडरिया निवासी अनुज कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनीष, करण और रविन्द्र अहिरवार ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोलुआ निवासी रवि आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवा, राजेश और अभिषेक आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गहोरा रोड निवासी राधेलाल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी सानिया बानो ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी समीर खान, रहीसा बानो और अजुंम बानो ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### मंदिर का 30वां वार्षिकोत्सव समारोह 15 फरवरी तक

**अशोकनगर।** स्थानीय महावीर कॉलोनी स्थित कुंदकुंद दिगम्बर स्वाध्याय श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर का 30वां वार्षिकोत्सव समारोह हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। 11 से 15 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में कईं कार्यक्रम आयोजित होगें और विद्वानों का समागम होगा।

---

# दुर्लभ पाण्डुलिपियों को किया जाएगा डिजिटलाइजेशन

# ज्ञान भारतम के सहयोग से श्रुतधाम में स्थापित की मशीनरी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना**

ज्ञान भारतम एक राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य भारत की पांारसरक डिजिटल बनाना है। यह मिशन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है और इसका उद्देश्य प्राचीन पांडुलिपियों को डिजिटल रूप में परिवर्तित करना है, ताकि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रहें। ज्ञान भारतम के तहत, विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों में पांडुलिपियों का संरक्षण और डिजिटलीकरण किया जा रहा है।

आरके जैन ने बताया संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा श्रुतधाम बीना को भी डॉ. बी. श्रीधर दिल्ली की अनुमोदना से इस मिशन में शामिल किया गया है एवं यहां उपलब्ध दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संरक्षण, संवर्धन एवं डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया के लिए मशीनरी एवं अन्य सुविधाएं ज्ञान भारतम के सहयोग से स्थापित की जा चुकी हैं एवं कार्य भी प्रारंभ हो गया है। 8 फ़रवरी को इस प्रक्रिया का संदीप सरल भैया के सानिध्य में



विधिवत उद्घाटन किया गया। सोहिल जैन - शालिनी जैन, सीमा जैन के कर कमलों द्वारा उद्घाटन की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। उद्घाटन के पूर्व प्राचीन पाण्डुलिपि जिनवाणी को पालकी में विराजमान कर शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर श्रुततीर्थ श्रुतधाम के महामंत्री डॉ. अरुण प्रकाश बुखारिया, डॉ. राकेश जैन वर्धमान, अंकित जैन, कमल बाबू जैन भोपाल, अर्हम जैन भोपाल, आलोक जैन सागर, अशोक जैन नाहर जबलपुर, राकेश शास्त्री सागर भब्या मेहता, आमोल भैया, विमल मुंबई आदि उपस्थित रहे।

---

## आईटी के विद्यार्थियों को कराया एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण



**बीना।** पीएमश्री शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल लोगर विकासखंड मालथौन के व्यावसायिक शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 9वीं एवं 11वीं के ट्रेड आईटी (आईटी) और ट्रेड अपैरल के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। प्राचार्य एचआर अहिरवार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भ्रमण संपन्न हुआ। इस पूरी प्रक्रिया में शिक्षक शशि नंदन रावत का विशेष योगदान रहा। उन्होंने न केवल मार्गदर्शक की भूमिका निभाई, बल्कि यात्रा की संपूर्ण व्यवस्थाओं को अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित कराया। आईटीआई कॉलेज धनोरा वोकेशनल ट्रेनर आशुतोष सोनी की देखरेख में आईटी के विद्यार्थियों को आईटीआई कॉलेज धनोरा ले जाया गया। यहाँ ट्रेनिंग ऑफिसर (कोपा/सीएसई) गौरव पाठक ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर विज्ञान की आधुनिक तकनीकों, हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर की बारीकियों और कोपा ट्रेड में भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया। वहीं दूसरी ओर, अपैरल ट्रेड की छात्राओं और विद्यार्थियों को वोकेशनल ट्रेनर प्रीति साहू के नेतृत्व में गीतांजलि प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण कराया गया। यहां संस्थान की प्रमुख गीता सोनी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

---

## 15 फरवरी को निकलेगी बारात

# 82 श्रद्धालुओं ने 8856 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में शिव नवरात्रि एवं शिव विवाह के कार्यक्रम में रविवार को शिव भक्तों ने पार्थिव लिंगों का निर्माण किया। जिसमें 82 श्रद्धालुओ ने 8856 पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया।

बड़े ही भक्ति भाव से गंगाजल से पवित्र करके भगवान भोलेनाथ को महिलाओं और पुरुषों और बच्चों सहित पंचामृत द्वारा महेंद्र मिश्रा ने पूजन करवाई एवं पुजारी किशन लाल मिश्रा ने रुद्राष्टक के पाठ से पुरुष सूक्त से भोले बाबा का अभिषेक सोडष उपचार से किया। इसी दौरान राजा हिमाचल की भूमिका में डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी वरिष्ठ नागरिकों के साथ श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर जहां कैलाश बासी भोले बाबा की पूजन हो रही थी उन्होंने बताया कि भगवान शिव शंकर सभी के प्रिय है चाहे वह जहरीला सांप हो अथवा भूत पिशाच हो और शिव भक्त हो चाहे अघोरी आलसी ही क्यों ना हो वह भी शंकर को प्रिय है। भगवान शिव शंकर को किसी से घृणा नहीं है ना किसी से राग देश ऐसे हैं देव आदि देव महादेव उसी समय में हिमाचल राजा की भूमिका में आए डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने साष्टांग दंडवत प्रणाम किया और साथ में लाई लाये और पीली चिट्ठी प्रदान की। हिंदू धर्म लोक रीति के अनुसार 9 फरवरी सोमवार को दोनों तरफ चक्की धराई जाएगी। 10 फरवरी मंगलवार को टीका फल दान का शुभ मुहूर्त रखा गया है और 11 फरवरी बुधवार को मागर है 12 फरवरी गुरुवार को तेल और चंदन है 13 फरवरी शुक्रवार को श्री गणेश पूजन और माता पूजन है 14 फरवरी शनिवार को मंडप है 15 फरवरी 2026 रविवार को बारात प्रस्थान एवं शिव पार्वती जी का पाणिग्रहण शुभ संस्कार गोधूलि बेला में होगा। सुभामाशतु यह पीली पत्रिका में लिखा था अंत में सभी पार्थिव शिवलिंगों के पत्रों से राम शब्दों का आकार लिखकर भोले बाबा के महिलाओं ने भजन गाए और सभी को मंत्र मुगध कर दिया।

---

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर अशोकनगर में धरना व महारैली का किया आयोजन

*जिले भर से शिक्षक शामिल हुए*






**अशोकनगर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के 55 जिलों के साथ-साथ अशोकनगर जिले में भी जिला स्तर पर विशाल धरना एवं महारैली का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 3000 शिक्षकों ने सहभागिता करते हुए ओल्ड पेंशन बहाली, अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना, अमानवीय ई-अटेंडेंस व्यवस्था पर रोक, स्थायी प्रमोशन प्रक्रिया प्रारंभ करने, गुरुजी वरिष्ठता सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

इस आंदोलन का नेतृत्व आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने किया। उनके नेतृत्व में अशोकनगर जिले में विशाल ओपीएस वाहन रैली निकाली गई। रैली के समर्थन में म.प्र. शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा, कर्मचारी कांग्रेस एवं राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे, राज्य शिक्षक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप रघुवंशी, संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज भटनागर तथा अध्यापक कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीलमसिंह तिगरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने ओपीएस की लड़ाई में अंतिम समय तक साथ देने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने बताया कि यह रैली प्रदेश के सभी 55 जिलों में आयोजित की गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिले के प्रेमनारायण तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सभी साथियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 12 बजे से युगल सरकार मंदिर एवं रघुवंशी धर्मशाला के बीच मैदान में धरना प्रारंभ हुआ, जो 3 बजे तक चला। इसके पश्चात बाइक रैली शशीन्द्र राणा चैराहा, न्यू ओवरब्रिज, गांधी पार्क, रसीला चैराहा, तुलसी पार्क, अंडरब्रिज, अस्पताल चैराहा होते हुए तहसील प्रांगण पहुँची, जहां से पैदल रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुँचकर ज्ञापन सौंपा गया। इस ऐतिहासिक आंदोलन को सफल बनाने में जिले के सभी ब्लॉक-तहसील अध्यक्षों, बीआरसीसी, बीएसी एवं जन शिक्षक साथियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम मैं समस्त संगठनों के जिला और ब्लॉक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मांगों के बिन्दु

- मध्यप्रदेश के समस्त एन.पी. एस.धारक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू की जाये।
- ई-अटेंडेंस स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के समस्त कार्यालयों के अधि कर्मचारियों पर लागू की जाये अन्यथा शिक्षकों को भी ई-अटेन्डेन्स से मुक्त रखा जाये।
- अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान की भांति प्रथम नियुक्ति दिनांक अवधि की गणना करते हुए पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अवकाशों का नगदीकरण का लाभ सुनिश्चित किया जाए।
- विगत वर्षों में दिवंगत अध्यापक शिक्षक संवर्ग के आश्रित परिवारों के सदस्य को अविलंब अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जाये।
- गुरुजियों को उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से ही बरिष्ठता दी जाये।
- जनजातिय कार्य विभाग में कार्यरत अध्यापक शिक्षक संवर्ग को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज किया जाए।
- अध्यापक शिक्षक संवर्ग की माह सितम्बर 2022 की रूकी हुई हडताल अवधि का वेतन भुगतान किया जाये।
- अध्यापक शिक्षक संवर्ग की कुल रिक्त पदो में से 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर पदोन्नति की जाए।
- अध्यापक शिक्षक संवर्ग के तीन संतान वाले कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यवाही से मुक्त किया जाए।
- अध्यापक शिक्षक संवर्ग को कैशलेस मेडिकल क्लेम की सुविधा दी जाए।

---



# शीतला माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा**

नगर के प्राचीन शीतला माता मंदिर में महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को विधिवत एवं भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जी के चरित्र पर चर्चा की गई, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा समापन अवसर पर पुष्प वर्षा की गई, जिससे पूरा परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया। कथा वाचक साध्वी गौरी गोविंद मिश्रा ने अपनी मधुर व ओजस्वी वाणी से सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने सच्ची



मित्रता, विनम्रता और भक्ति के महत्व को सरल शब्दों में समझाया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु कथा में पूर्णतः मग्न नजर आए। समापन अवसर पर महिला मंडल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## 500 लीटर अवैध शराब जब्त, 7 लाख 50 हजार कीमत का लहान किया नष्ट

# 5 थानों की पुलिस ने ड्रोन की मदद से अवैध शराब के ठिकानों पर दी दबिश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

जिले के करीला धाम में आयोजित होने वाले मेले को लेकर पुलिस का अवैध शराब के ठिकानों पर लगातार कार्यवाही का अभियान जारी है। इस बार पुलिस ने शराब इन ठिकानों पर कार्यवाही का नया तरीका अपनाया है, पहले ड्रोन की मदद से ठिकाने तलाश किए जा रहे हैं उसके बाद कईं थानों की पुलिस संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रही है। ऐसा ही एक बड़ा मामला सामने आया है जिसमें एसडीओपी विवेक शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली, पिपरई, बहादुरपुर, शाढ़ौरा, कचनार और पुलिस लाईन के अमले ने संयुक्त कार्यवाही कर अवैध शराब के निर्माण की फैक्ट्री पर सुबह तड़के में छापामार कार्यवाही की। जहां से पुलिस ने 500 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब जप्त की है तथा 5000 लीटर लहान नष्ट किया गया।सम्पूर्ण कार्यवाही में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के कुल 06 प्रकरण में कुल 500 लीटर अवैध कच्ची शराब कीमत 75500 जप्त, करीब 5000 लीटर लहान कीमत 7,50,000 रु का मौके पर नष्ट किया गया एवं शराब बनाने के उपकरण टंकी आदि कीमत 50000 रु की जप्त कुल मशरुका 8,75,500 रु का जप्त एवं नष्ट किया गया है। उक्त कार्यवाही मे सर्चिंग हेतु ड्रोन तकनीक का उपयोग किया गया। जिसकी सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा मॉनिटरिंग कर की गई।

### तड़के सुबह 4 बजे कार्रवाई की गई, 60 पुलिसकर्मी तैनात रहे

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर के





मार्गदर्शन में, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के नेतृत्व में अशोकनगर पुलिस द्वारा थाना कचनार क्षेत्र अंतर्गत ओर नदी के किनारे बसे ग्राम माधोगढ़ में अवैध कच्ची शराब निर्माण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। तड़के सुबह लगभग 04.00 बजे थाना प्रभारी पिपरई, थाना प्रभारी कचनार, थाना प्रभारी देहात, थाना प्रभारी बहादुरपुर, थाना शाडोरा,थाना नईसराय, थाना कोतवाली तथा पुलिस लाइन के संयुक्त बल के साथ ग्राम माधोगढ़ में दबिश दी गई। सर्चिंग के दौरान दुर्गम एवं घने क्षेत्र को देखते हुए ड्रोन तकनीक का प्रभावी उपयोग किया गया।

### दबिश के दौरान 4 आरोपियों से कच्ची शराब बरामद, 2 फरार

दबिश के दौरान अवैध कच्ची शराब निर्माण करते हुए आरोपी रमेश पिता श्रीपत पारदी निवासी माधोगढ़ के कब्जे से 150 लीटर, आरोपी पट्टा पारदी पिता घिस्सू पारदी के कब्जे से 110 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की गई। इसके अतिरिक्त झाड़ियों में छिपे आरोपी श्यामलाल पिता किशना पारदी एवं प्रहलाद पिता कुंदन पारदी निवासी माधोगढ़ को पकड़ा गया, जिनके कब्जे से पृथक-पृथक 30-30 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की गई। साथ ही ग्राम मुल्लाखेड़ी की ओर स्थित पठारी क्षेत्र की सर्चिंग के दौरान दो अलग-अलग स्थानों से अज्ञात आरोपियों द्वारा बनाई जा रही 90-90 लीटर अवैध कच्ची शराब भी पुलिस द्वारा जप्त की गई।

### जब्त माल की कीमत 8 लाख 75 हजार रूपए

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में कुल 04 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा थाना कचनार एवं थाना देहात में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कुल 06 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कुल 500 लीटर अवैध कच्ची शराब (कीमत 75,500 रूपये) जप्त की गई एवं लगभग 5000 लीटर लहान (कीमत 7,50,000 रूपये) मौके पर नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त टंकियाँ एवं अन्य उपकरण (कीमत 50,000 रूपये) जप्त किए गए। इस प्रकार कुल 8,75,500 रूपये मूल्य का मशरूका जप्त एवं नष्ट किया गया।



### नदी के जल को दूषित किए जाने पर भी मामला दर्ज

नदी के जल को दूषित किए जाने के अपराध को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध धारा 279 बीएनएस का इजाफा भी किया गया है। उल्लेखनीय है कि थाना कचनार क्षेत्र अंतर्गत ओर नदी के किनारे स्थित ग्राम माधोगढ़ में विगत कई वर्षों से अवैध कच्ची शराब निर्माण का कारोबार संचालित हो रहा था, जहां पूर्व में की गई कार्यवाहियों के दौरान आरोपी झाड़ियों एवं नदी की आड़ लेकर फरार हो जाते थे। इस बार पुलिस द्वारा अपनाई गई तकनीकी रणनीति एवं ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा, थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा, थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक पूनम सेलर, थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम यादव, चैकी प्रभारी भादौन उप निरीक्षक सुनील पुरवैया आदि रहा मौजूद।

### सूचना मिली थी

पिछले कईं दिनों से सूचना मिल रही थी कि नदी के किनारे अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है। एसपी राजीव कुमार मिश्रा के द्वारा कार्य योजना तैयार की गई जिसमें 5 थानों की पुलिस और 60 पुलिसकर्मियों को लगाया गया। 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया,2 आरोपी मौके से फरार हो गए। 8 लाख 75 हजार रूपए की सामग्री जप्त की गई है।